कार्यवाही

गंगा नगर और गुरहा तालाब में भी अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई

# माल गोदाम और रेलवे स्टेशन क्षेत्र अतिक्रमण मुक्त




**नवभारत, जबलपुर।** नगर निगम के अतिक्रमण विभाग और रेलवे पुलिस बल ने स्वच्छता सर्वेक्षण एवं सुगम यातायात व्यवस्था को लेकर संयुक्त कार्रवाई करते हुए शहर के प्रमुख व्यावसायिक और आवागमन वाले क्षेत्रों को अतिक्रमण से मुक्त कराया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यातायात को सुगम बनाना और स्वच्छता रैंकिंग में सुधार करना है।

इस दौरान अमले ने माल गोदाम चैराहा और रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 6 क्षेत्र में लंबे समय से यातायात में बाधा बन रहे अवैध कब्जों को हटाने की कार्यवाही की गयी। इस संयुक्त कार्रवाई में सड़क और फुटपाथ पर जमे लगभग 30 अवैध ठेले और टपरों को जब्त किया गया। यातायात में बाधक बन रहे सभी प्रकार के अवरोधों को हटाकर पूरे क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इस कार्रवाई में सब इंस्पेक्टर अरविंद कुमार सिंह, योगेंद्र सिंह, अतिक्रमण दल प्रभारी नदीम खान, दुर्गा राव और भारी संख्या में रेलवे पुलिस बल मुस्तैद रहा।

### स्वच्छता और जल निकासी पर भी फोकस

नगर निगम केवल सड़कों तक ही सीमित नहीं है बल्कि स्वास्थ्य विभाग संभाग क्रमांक 01 के समन्वय से गंगा नगर और गुरहा तालाब के पास भी विशेष अभियान चलाया गया। यहाँ नालियों के ऊपर किए गए अवैध निर्माणों को चिन्हित कर नोटिस दिये गए हैं, ताकि बारिश के समय जल निकासी सुगमतापूर्वक हो सके।

### अंधमूक बायपास से धनवंतरी चौक तक मुनादी

नगर निगम ने आगामी कार्रवाई की तैयारी के तहत अंधमूक बायपास चैराहे से धनवंतरी चैक तक सड़क के दोनों ओर किए गए अतिक्रमणों को हटाने के लिए मुनादी की करवाई की। व्यापारियों और ठेले वालों को स्वत: अतिक्रमण हटाने की समझाईश भी दी गई है, जिससे भविष्य में सुव्यवस्थित यातायात सुनिश्चित हो सके। शहर की सुंदरता और स्वच्छता हम सबकी जिम्मेदारी है। स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर को अव्वल लाने और नागरिकों को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा की नये सिरे से बनाई जाए मेरिट सूची : हाईकोर्ट

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आयोजित प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा - 2025 के परीक्षा परिणामों में कथित गड़बड़ी और अपात्र उम्मीदवारों को गलत तरीके से पांच प्रतिशत बोनस अंक दिए जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। हाईकोर्ट जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा है कि पकड़े जाने के बाद अंकों को कम करने या नहीं का विकल्प चुनने की अनुमति दी जाती है, तो यह बेईमानी को बढ़ावा देने और ईमानदार उम्मीदवारों को दंडित करने के समान होगा। एकलपीठ ने नये सिरे से मेरिट सूची बनाने और गैर- आरसीआई डिप्लोमा धारी अपात्र अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया से बाहर करने के आदेश जारी किये हैं ।

नरसिंहपुर निवासी सोनम अगरैया एवं अन्य दो उम्मीदवारों की तरफ से प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा-2025 भर्ती की चयन सूची को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। याचिका में कहा गया था कि विज्ञापन की कंडिका 7.7 के तहत केवल सिर्फ उन्हीं उम्मीदवारों को 5 प्रतिशत बोनस अंक दिए जाएंगे, जिसके पास भारतीय पुनर्वास परिषद से मान्यता प्राप्त विशेष शिक्षा में डिप्लोमा होगा। चयन सूची में लगभग 14, 964 उम्मीदवारों ने खुद को इस श्रेणी में दिखाकर बोनस अंक प्राप्त किये है।

याचिका में भारतीय पुनर्वास परिषद के आधिकारिक आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा गया था कि पूरे मध्य प्रदेश में पोर्टल पर केवल 2,194 कार्मिक और 3, 077 पेशेवर ही पंजीकृत हैं। चयन सूची में 15 हजार उम्मीदवारों का विशेष शिक्षा प्रमाणपत्र धारक होना प्रथम दृष्ट्या फर्जी प्रतीत होता है। लोक शिक्षण संचालनालय ने भी जनवरी 2026 में विभाग को आगाह किया था कि लगभग 18, 000 उम्मीदवारों ने हाँ का विकल्प चुना है, जो अत्यधिक प्रतीत होता है। इसके बावजूद सुधार के लिए पोर्टल खोले जाने पर मंडल के द्वारा उम्मीदवारों से पंजीकरण संख्या या प्रमाणपत्र नहीं मांगा गया। बिना किसी भौतिक सत्यापन के सॉफ्टवेयर के माध्यम से उम्मीदवारों के डिक्लेरेशन के आधार पर सीधे बोनस अंक प्रदान कर दिये गये। जिसके कारण योग्य उम्मीदवार चयन से बाहर हो गए।

पांच प्रतिशत बोनस अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की भी तरफ से हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा गया था कि जल्दबाजी में हुई त्रुटि के कारण उनके द्वारा बोनस अंक का लाभ प्राप्त किया है। उनके पास संबंधित कोई भी प्रमाण पत्र नहीं है। एकलपीठ ने 6 मई को सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखने के आदेश जारी किये थे। एकलपीठ के द्वारा जारी आदेश में बिना प्रमाण-पत्र पांच प्रतिशत बोनस अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की याचिका को खारिज करते हुए उक्त आदेश जारी किये। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता आलोक बागरेचा और विशाल बघेल ने पैरवी की।

# दोस्तों के साथ नहाने गए बालक की डूबने से मौत

**जबलपुर।** रांझी थाना अंतर्गत मानेगांव तालाब में दोस्तों के साथ नहाने गए बालक की डूबने से मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक बुधवार को राजू कोल निवासी गांधी चौक मानेगांव ने सूचना दी कि वह ठेकेदारी का काम करता है वे काम पर गया था घर पर पत्नी संतोषी कोल, छोटा बेटा नितिन कोल 12 वर्ष थे वह काम से घर आया तो पत्नी बतायी कि नितिन कोल दोपहर 12 बजे छोटे छोटे दोस्तों के साथ मानेगांव तालाब नहाने के लिये गया था जो घर वापस नहीं आया तो वह अपने परिवार के साथ बेटे नितिन कोल की तलाश करते रहे मानेगावं तालाब के पास पहुंचे तो नितिन की चप्पल व कपड़े दिखे । अनहोनी की शंका होने पर पुलिस को सूचना दी पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन मानेगांव तालाब में शुरू किया गया। इसके बाद तालाब के पानी में बेटे का शव मिला। नितिन की मौत पानी में डूबने से हुयी है। हादसे के बाद परिजनों में मातम पसर गया है उनका रो-रोकर बुरा हाल है उन्हें यकीन ही नहीं हो रहा हैं कि घर से निकला उनका बेटा अब इस दुनिया में नही रहा। पुलिस मर्ग कायम कर जांच पड़ताल कर रही है।

### तालाब में डूबे इरावत का भी शव मिला

गोसलपुर थाना अंतर्गत रामसागर तालाब में डूबे इरावत का भी शव बुधवार को मिल गया। दरअसल नहाने गए तीन दोस्तों में से दो दोस्त गहरे पानी में समा गए थे मंगलवार सुबह अर्जुन का शव बरामद कर लिया गया था लेकिन उसके साथी इरावत का सुराग नहीं चल रहा था । बुधवार को पुन: रेस्क्यू ऑपरेशन चला जिसके बाद उसकी लाश भी बरामद कर ली गई। विदित हो कि गोसलपुर झुग्गी बस्ती में रहने वाले तीन दोस्त इरावत, अर्जुन और करण सोमवार शाम करीब 5 बजे रामसागर तालाब में नहाने पहुँचे थे। तीनों मस्ती कर रहे थे, तभी अचानक इरावत का पैर फिसल गया था और वह सीधे गहरे पानी में चला गया था। इरावत को डूबता देख उसे बचाने के लिए अर्जुन ने बिना सोचे-समझे छलांग लगा दी थी। पानी गहरा होने के कारण अर्जुन भी खुद को संभाल नहीं पाया और देखते ही देखते दोनों युवक आंखों से ओझल हो गए थे । मंगलवार को एसडीआरएफ और गोताखोरों ने सर्चिंग कर सुबह लगभग 10 बजे अर्जुन का शव बरामद कर लिया था । वहीं, इरावत का सुराग नहीं लग रहा था। बुधवार को रेस्क्यू टीम ने सर्चिंग का दायरा बढ़ाया इसके बाद उसके शव को भी बरामद कर लिया गया।

# नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते ट्रेनें प्रभावित

**जबलपुर, नवभारत।** मध्य रेलवे के पुणे रेल मंडल में दौंड-मनमाड रेल लाइन के दोहरीकरण का काम चल रहा है। इस वजह से 16 से 18 मई तक नॉन इंटरलॉकिंग का काम किया जाएगा। इस काम का असर पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर व इटारसी स्टेशन से गुजरने वाली कई ट्रेनों पर पड़ेगा, जिनमें से कुछ को रद्द कर दिया गया है और कुछ के रास्ते बदल दिए गए हैं। रेलवे के मुताबिक 16 से 18 मई के बीच कुल आठ ट्रेनें नहीं चलेंगी। इनमें जबलपुर-पुणे स्पेशल, पुणे-दानापुर स्पेशल, दानापुर-हडपसर स्पेशल जैसी गाडियां शामिल हैं।

# तिलवाराघाट पुल से युवक ने लगाई छलांग, मौत

**सीने में दर्द की बीमारी से परेशान था मृतक, छानबीन में जुटी पुलिस**

**जबलपुर।** तिलवारा पुल से बुधवार को एक युवक ने मौत की छलांग लगा दी। नीचे गिरने से युवक को गंभीर चोटें आ गई जिसे आनन-फानन में इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां उसे डॉक्टर ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। मृतक ने यह आत्मघाती कदम किन परिस्थितियों में उठाया इसकी वजह फिलहल स्पष्ट नहीं हो पाई हैं लेकिन प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आ रही है कि युवक सीना में दर्द की बीमारी से परेशान चल रहा था।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घुंसौर, नर्मदा वाटिका के सामने रहने वाला मयंक उर्फ अनुराग पटैल 21 वर्ष गन्ना जूस बेचने का काम करता था मयंक के सीना में दर्द की शिकायत थी जो दर्द से परेशान रहता था। मंगलवार सुबह लगभग 7 बजे वे गन्ना लेने घाना जाने की बात कहकर घर से निकला था जो काफी देर तक गन्ना लेकर घर वापस नहीं आया तो परिजन चिंतित हो गए । उन्होंने अपने स्तर पर खोजबीन शुरू की इसी दौरान परिजनों को जानकारी मिली कि मयंक तिलवारा पुल से कूद गया है।

### अस्पताल में तोड़ा दम

परिजन मयंक को उपचार के लिए मेडिकल कालेज लेकर गये जहां डाक्टर ने चैक कर मयंक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

### हर एंगल पर तफ्तीश

पुलिस का कहना है कि हर एंगल पर तफ्तीश चल रही है । मामले की विस्तृत जांच जारी है । परिजनों ने बताया कि मयंक पिछले कुछ समय से लगातार सीने में तेज दर्द की बीमारी से जूझ रहा था और इस बीमारी के कारण वे अत्यधिक मानसिक तनाव में था ।

### जिनका मोबाइल है वो पुल से कूद गया है...

तलाश में जुटे परिजनों के पैरे तले उस वक्त जमीन खिसक गई जब मयंक के मोबाइल पर चचेरे भाई बलराम पटेल 32 वर्ष ने सुबह 9-48 बजे कॉल किया। फोन किसी व्यक्ति ने उठाया और बताया कि जिनका मोबाइल है वो तिलवाराघाट पुल से कूद गया है सूचना मिलते ही परिजन पहुंचे तो देखा मंयक उर्फअनुराग पटेल पुल के नीचे घायल अवस्था में पड़ा था। मौके पर पुलिस भी पहुंच गई थी।

# नवनियुक्त जेडीए अध्यक्ष-उपाध्यक्ष आज ग्रहण करेंगे पदभार

**कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी**

**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष संदीप जैन एवं उपाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी का पदभार ग्रहण समारोह गुरुवार को सुबह 10:30 बजे वन्दे मातरम चौक सिविक सेंटर में आयोजित किया गया है। नवनियुक्त अध्यक्ष संदीप जैन एवं उपाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी गुरूवार को पूज्य संतो के सानिध्य, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के मुख्य आतिथ्य, राज्य सभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकी, विवेक तन्खा, सांसद आशीष दुबे, महापौर



जगतबहादुर सिंह अन्नू, विधायक अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी इंदु, नीरज सिंह, संतोष बरकड़े, लखन घनघोरिया, जिप अध्यक्ष आशा गोंटिया, तीर्थ स्थान एवं मेला प्राधिकरण अध्यक्ष विनोद गोंटिया, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा की उपस्थिति में पदभार ग्रहण करेंगे। जानकारी के अनुसार पदभार ग्रहण कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण हो गई है, कार्यक्रम में शहर के प्रबुद्ध वर्ग, सर्व समाज के प्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे।

# 30 मई से एलएचबी कोच के साथ दौड़ेगी श्रीधाम एक्सप्रेस


**जबलपुर, नवभारत।** भारतीय रेलवे यात्रियों को बेहतर सुरक्षा, अधिक आरामदायक यात्रा एवं उन्नत परिचालन सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में यात्री सुविधाओं के विस्तार हेतु पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ टर्मिनेट होने वाली जबलपुर-निजामुद्दीन-जबलपुर श्रीधाम एक्सप्रेस के रेक को रेल प्रशासन द्वारा आईसीएफ से एलएचबी रैक में परिवर्तित करने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 12192 जबलपुर-निजामुद्दीन श्रीधाम एक्सप्रेस अपने प्रारम्भिक स्टेशन जबलपुर से 30 मई से एलएचबी रैक से चलेगी। वही गाड़ी संख्या 12191 निजामुद्दीन-जबलपुर श्रीधाम एक्सप्रेस अपने प्रारम्भिक स्टेशन निजामुद्दीन से 31 मई से एलएचबी रैक से चलेगी। इस ट्रेन में 01 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, 02 वातानुकूलित द्वितीय, 05 वातानुकूलित तृतीय, 01 वातानुकूलित तृतीय इकॉनमी, 07 स्लीपर, 04 सामान्य श्रेणी, 1 एसएलआरडी एवं 1 जनरेटर कार सहित कुल 22 एलएचबी कोच रहेंगे।

### उपलब्ध होंगी बर्थ

एलएचबी कोच लगने से ट्रेन में वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 24 बर्थ, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 104 बर्थ, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 360 बर्थ, वातानुकूलित तृतीय इकॉनमी श्रेणी में 80 बर्थ, स्लीपर में 560 बर्थ सहित आरक्षित कुल 1128 बर्थ उपलब्ध होगी।

# पारा 42 डिग्री पार : चिलचिलाती धूप के बाद बूंदाबांदी फिर तमतमाये सूर्यदेव

**जबलपुर।** शहर में बुधवार को मौसम ने अचानक करवट बदल ली है। पारा 42 डिग्री पार हो गया । सुबह से ही तीखी धूप और उमस से परेशान लोगों को दोपहर होते-होते राहत मिली। आसमान में अचानक बादल मंडराने लगे और तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी का दौर शुरू हो गया। हालांकि थोड़ी देर बार फिर से सूर्यदेव तमतमाये गए और उमस भरी गर्मी ने बेचैनी बढ़ा दी। बुधवार को अधिकतम तापमान 42.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 2 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 27 डिग्री पर पहुंच गया। सुबह के वक्त आद्रता 42 और शाम



को 24 प्रतिशत दर्ज की गई। पश्चिमी हवाएं 5 से 6 किमी की रफ्तार से चली। मौसम विभाग की माने तो उत्तरी पाकिस्तान और संलग्न क्षेत्रों के ऊपर स्थित पश्चिमी विक्षोभ अब जम्मू के ऊपर माध्य समुद्र तल से 3.1 किमी की ऊंचाई पर एक चक्रवातीय परिसंचरण के रूप में स्थित है। उत्तर-पश्चिम उत्तर प्रदेश और संलग्न उत्तराखंड के ऊपर माध्य समुद्र तल से 0.9 किमी की ऊंचाई पर एक चक्रवातीय परिसंचरण स्थित है। उत्तर-दक्षिण ट्रफ अब दक्षिण-पश्चिम मध्य प्रदेश से लेकर मध्य महाराष्ट्र और उत्तर आंतरिक कर्नाटक होते हुए दक्षिण आंतरिक कर्नाटक तक माध्य समुद्र तल से 1.5 किमी की ऊंचाई तक विस्तृत है। एक अद्यतन पश्चिमी विक्षोभ के 15 मई से उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करने की संभावना है।

# मम्मी बुला रही हैं ..कहकर बुजुर्ग महिला को जाल में फंसाया और जेवर, नगदी लूटी



**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना क्षेत्र में मम्मी बुला रही हैं कहकर बुजुर्ग महिला को शातिर बदमाशों ने जाल में फंसाया और सूनसान बाईपास पर ले जाकर डरा धमकाकर जेवरात सहित नकदी लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि श्रीमती रूकिया बाई चौधरी (75), निवासी चौधरी मोहल्ला ग्राम सूखा, माढ़ोताल बिजली का बिल जमा करने पाटन रोड करमेता स्थित बिजली ऑफिस आई थीं। बिल जमा करने के बाद वह घर लौटने के लिए मुख्य सड़क पर ऑटो का इंतजार कर रही थीं। इसी दौरान बाइक सवार दो अज्ञात युवक उनके पास रुके। बदमाशों ने बुजुर्ग महिला से कहा, माताराम, आपको हमारी मम्मी बुला रही हैं, वे आपको जानती हैं। महिला को लगा कि शायद कोई परिचित या रिश्तेदार होंगे। कम दिखाई देने के कारण वह उनकी बातों में आ गईं और बाइक पर बैठ गईं। आरोपी महिला को मदद के बहाने कटनी-नागपुर राजमार्ग की तरफ ले गए। पाटन बाईपास रोड के पास एक बिल्कुल सूनसान जगह पर बाइक रोककर बदमाशों ने महिला से पूछा, तुम्हारी चूड़ी कितनी हैं ? जब महिला ने सवाल किया, तो बदमाश सीधे लूटपाट पर उतर आए। उन्होंने बुजुर्ग महिला को डराते हुए कहा, बाई, अपने जेवर हमें दे दो। अगर चिल्लाई या कुछ बोली, तो जान से मार देंगे। धमकी से डरी महिला से बदमाशों ने जबरन नीचे सोने का मंगलसूत्र, चांदी की पायल एक जोड़ी, वजन 6 तोला चांदी की चूड़ी वजन 5 तोला एक पर्स जिसमें 15 000 नगद, नातिन की छोटी पायल और चांदी की चेन थी लेकिन रफूचक्कर हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनाक्रम के मार्ग और बिजली ऑफिस के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि हुलिए के आधार पर आरोपियों को दबोचा जा सके।



















स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से प्रकाशित एवं नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharatjabalpur@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RNI Reg No.1537/57